मैन पोर्टेबल एंटी-टैंक गाइडेड मिसाइल

[स्रोत: पी.आई.बी.](#)

हाल ही में रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (DRDO) द्वारा स्वदेशी रूप से **डिज़ाइन और विकसित मैन पोर्टेबल एंटी-टैंक गाइडेड मिसाइल (MPATGM)** हथियार प्रणाली का कई बार विभिन्न उड़ान विन्यासों में मूल्यांकन किया गया।

- एंटी-टैंक गाइडेड मिसाइल एक **मध्यम या लंबी दूरी की मिसाइल** है, जिसका प्राथमिक उद्देश्य **टैंक और बख्तरबंद वाहनों को नष्ट** करना है।
- यह **कम वज़न वाली, दागो और भूल जाओ मैन पोर्टेबल एंटी-टैंक गाइडेड मिसाइल** है। इसमें **उन्नत वैमानिकी (Avionics)** के साथ-साथ अत्याधुनिक **लघु इन्फ्रारेड इमेजिंग सीकर** भी शामिल हैं।
- **इसे 15 किलोग्राम से कम वज़न के साथ 2.5 किमी. की अधिकतम सीमा** के लिये डिज़ाइन किये गए ट्राईपोड के माध्यम से लॉन्च किया गया है। इसे एक सैनिक अपने कंधे पर भी उठा सकता है।
- इस प्रणाली में **MPATGM, लॉन्चर, लक्ष्य अधिग्रहण प्रणाली और अग्नि नियंत्रण इकाई** भी शामिल है।
- ATGM प्रणाली **दिन/रात और शीर्ष हमला (Top Attack)** क्षमता से सुसज्जित है।

और पढ़ें: आकाश-NG & MPATGM

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/man-portable-anti-tank-guided-missile